गुरुवार
13 अप्रैल, 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने स्कूल जा रहे किशोर को कुचला, लोगों ने किया सड़क जाम 2



## खबरें फटाफट

### बिहार के कई जिलों में भूकंप के झटके

**पटना।** बिहार के कई जिलों में बुधवार की सुबह करीब साढ़े पांच बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। पूर्णिया, अररिया और भागलपुर समेत कई जिलों के लोगों ने भूकंप के झटके महसूस किए। जिसके बाद घबराहट में लोग आनन-फानन में घरों से बाहर निकल आए। रिक्टर स्केल पर बिहार में भूकंप की तीव्रता 4.3 मापी गयी। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार, किसी तरह के जान-माल की हानी नहीं हुई है। अररिया के रानीगंज प्रखंड में भूकंप का केंद्र था। बता दें कि रविवार और सोमवार को देर रात 2 बजे के करीब अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में भूकंप के झटके महसूस किए गये थे।

### माओवादियों ने 14 और 15 को बिहार झारखंड बंद बुलाया

**गया।** भाकपा माओवादी संगठन ने 14 और 15 अप्रैल को बिहार-झारखंड बंद करने का ऐलान किया है। यह पर्चा बुधवार की सुबह इमामगंज पुलिस अनुमंडल अंतर्गत भदवर, बांकेबाजार और रौशनगंज थाना क्षेत्र में गिराया गया है। बताया गया है कि यह बंदी बीते दिनों झारखंड के चतरा में मारे गए 5 नक्सलियों के विरोध में बुलाई गई है। नक्सली पर्चे में कहा गया है कि बुलाई गई बंदी का व्यापक असर इलाके में दिखना चाहिए। फिलहाल पर्चे को सीआरपीएफ व जिला पुलिस ने जब्त कर लिया है। नक्सली पोस्टर की जांच की जा रही है।

### पटना एयरपोर्ट पर बम की सूचना से मची रही खलबली

**पटना।** बुधवार को राजधानी पटना के एयरपोर्ट पर एक फोन के बाद हड़कंप मच गया। फोन करने वाले ने कहा कि पटना एयरपोर्ट पर बम है। एयरपोर्ट के निदेशक को फोन आते ही तुरंत इसकी सूचना बम डिस्पोजल स्क्वायड को दी गई। इसके बाद तुरंत टीम पटना एयरपोर्ट के अंदर और बाहर चप्पे-चप्पे पर जांच में जुट गई। इस दौरान वहां अफरातफरी मची रही। हालांकि इस दौरान कहीं बम नहीं पाया गया। बताया जा रहा है कि समस्तीपुर से कॉल किया गया था। दोपहर बाद बिहार पुलिस ने ट्वीट कर इसके बारे में पुष्टि की। पटना पुलिस द्वारा की गई प्रारंभिक जांच में यह खबर झूठी निकली। एयरपोर्ट पर कोई बम नहीं पाया गया है।

# मिशन लोकसभा... विभिन्न पार्टियों को साथ लाने में जुटे नीतीश कुमार

- लोकसभा चुनाव को देखते हुए दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी से मिले नीतीश कुमार
- अप्रैल के अंत तक विपक्षी दलों से बात के बाद सबके साथ होगी एक बैठक

**एजेंसी/नई दिल्ली**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी दलों को एकजुट करने के अपने प्रयास तेज कर दिए हैं। इसी कड़ी में उन्होंने बुधवार को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की। बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, बिहार कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह, जेडीयू अध्यक्ष ललन सिंह और बिहार सरकार के मंत्री संजय झा भी इस बैठक में शामिल रहे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बैठक के बाद कहा कि अभी बात हो गई है। हमने काफी

बैठक के बाद राहुल गांधी ने किया ट्वीट- साथ खड़े हैं, साथ लड़ेंगे- भारत के लिए | मल्लिकार्जुन खड़गे ने लिखा- संविधान सुरक्षित रखेंगे और लोकतंत्र बचाएंगे



देर चर्चा की है। अधिक से अधिक पार्टियों को पूरे देश में एकजुट करने का प्रयास करना है। हम आगे एक साथ काम करेंगे ये तय हो गया है। मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने भी इसे विपक्ष को एक करने में एक बेहद ऐतिहासिक कदम बताया है। सूत्रों के अनुसार, अप्रैल के अंत तक विपक्षी दलों से बातचीत के बाद सबके साथ एक बैठक होगी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे विपक्षी दलों से बात करेंगे। सूत्रों का ये भी कहना है कि इस महीने के अंत तक ऐसे ही एक और बैठक होने की संभावना है।

राहुल गांधी ने इस मीटिंग के बाद ट्वीट किया, विचारधारा की इस लड़ाई में, विपक्ष की एकता की ओर आज एक ऐतिहासिक कदम लिया गया है। साथ खड़े हैं, साथ लड़ेंगे- भारत के लिए। वहीं मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी ट्वीट कर लिखा, राहुल गांधी और हमने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव व अन्य नेताओं से मुलाकात कर जनता की आवाज को एक साथ उठाने और देश को नई दिशा देने का संकल्प दोहराया। कांग्रेस नेता अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि बैठक का उद्देश्य सभी दलों को एकजुट करना था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बाकी (विपक्ष) पार्टी के नेताओं से बात करने का विशेष कार्य दिया गया है।

### देश से बीजेपी का खात्मा आवश्यक है : भाई वीरेंद्र

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दिल्ली जाने के बाद विपक्षी एकता को लेकर आरजेडी की ओर से बयान आया है। आरजेडी प्रवक्ता भाई वीरेंद्र ने बुधवार को कहा कि नीतीश कुमार को सभी दल के संयोजक के रूप में अधिकृत किया जाएगा। लालू प्रसाद यादव दिल्ली में हैं और वो भी काम कर रहे हैं। भाई वीरेंद्र ने कहा- हमको लगता है कि देश के सभी विपक्षी दल के लोग एक मंच पर आएंगे और देश के हर लोगों का संकल्प है कि भाजपा मुक्त सरकार बने। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इसका नेतृत्व कर रहे हैं और इसकी जिम्मेदारी भी नीतीश कुमार को दी जाएगी। भाई वीरेंद्र ने कहा कि देश से बीजेपी का खात्मा आवश्यक है क्योंकि बीजेपी से देश के लोकतंत्र को खतरा है। संविधान पर खतरा है। न बेरोजगारों को रोजगार मिल पा रहा है न किसानों के खेतों में पानी मिल रहा है। महंगाई खत्म नहीं हो रही है।

### लोकसभा चुनाव के नजदीक आने पर तय होगा गठबंधन : चिराग



**पटना।** जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान बुधवार को दिल्ली से पटना पहुंचे। इस दौरान पटना एयरपोर्ट पर चिराग ने 2024 के लोकसभा चुनाव में गठबंधन को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि जब चुनाव नजदीक आएंगे तब यह तय किया जाएगा कि लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) किस गठबंधन का हिस्सा बनेगी। अभी तक चिराग पासवान खुद को एनडीए का हिस्सा बताते रहे हैं। चिराग ने एक बार फिर से दोहराया कि इस वक्त हमारी प्राथमिकता पार्टी के संगठन को मजबूत करने लिए जनता के बीच जाना है।

**बिहार में अपराध: चकिया-केसरिया रोड स्थित बैंक में हुई लूट की घटना**

# मोतिहारी के आईसीआईसीआई बैंक में 40 लाख रुपए की लूट

- पांच की संख्या में आए बदमाशों ने बंदूक की नोक पर लूट की घटना को दिया अंजाम
- दोपहर दो बजकर 52 मिनट पर बदमाश बैंक में घुसे, तीन बजे हो गए फरार

**केटी न्यूज/मोतिहारी**

बिहार के मोतिहारी में बुधवार को दिनदहाड़े बदमाशों ने आईसीआईसीआई बैंक में लूट की बड़ी घटना को अंजाम दिया है। बदमाश बैंक से करीब 40 लाख रुपये लूट कर फरार हो गए। घटना चकिया-केसरिया रोड स्थित आईसीआईसीआई बैंक की शाखा की है। पांच की संख्या में बदमाश दोपहर दो बजकर 52 मिनट के आसपास बैंक में घुसे। तीन बजे तक घटना को अंजाम देकर हथियार लहराते हुए बाइक से फरार हो गए। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि बदमाशों ने कैश काउंटर में रखे लगभग 40 लाख रुपयों को लूटा। इसके बाद बैंक में आई एक महिला ग्राहक से तीस हजार नकद और उसके आभूषण को भी लूट लिया। बदमाशों ने एक और ग्राहक से पांच हजार नकद लूट लिया। लूट की घटना की खबर से शहर में सनसनी फैल गई है।

लूटपाट की सूचना पर एसपी कांतेश कुमार मिश्रा बैंक पहुंचे। घटना को लेकर शाखा प्रबंधक और बैंक के अन्य कर्मियों से पूछताछ की। घटना को लेकर बताया गया कि दो बाइक पर पांच की संख्या में बदमाश बैंक पहुंचे थे। इसमें से चार बदमाश रिवॉल्वर लहराते हुए बैंक के अंदर घुसे। हथियार का भय दिखाकर बैंक अधिकारी समेत कर्मी और ग्राहकों को बंधक बना लिया। बदमाशों ने रिवॉल्वर का भय दिखाकर कैश काउंटर में रखे लगभग 40 लाख रुपये लूट लिए। वहीं रानीगंज मोहल्ला की रहने वाली एक महिला चुनचुन देवी गोल्ड पर लिए गए लोन की राशि जमा कर अपना आभूषण लेने आई थी। गोल्ड लोन की राशि जमा करने के बाद बचा हुआ 30 हजार व आभूषण छीन लिया। बैंक में मौजूद शीतलपुर गांव निवासी रंजीत से भी बदमाशों ने पांच हजार नकद लूट लिया।



### लगभग 16 से 22 साल के बीच थी सभी बदमाशों की उम्र

घटना के बाद सभी बदमाश बाइक पर सवार होकर कुअवां गांव की तरफ भाग निकले। बदमाशों ने साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से सीसीटीवी कैमरा के तार आदि को क्षतिग्रस्त कर दिया। बताया जा रहा है कि सभी बदमाशों की उम्र लगभग 16 से 22 साल के बीच थी। एक बदमाश ने मुंह पर मास्क लगाया था। बाकी सभी का चेहरा खुला हुआ था।

### 2.70 करोड़ रु. के जेवर लूटकांड का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

मोतिहारी के चकिया थाना क्षेत्र के छोटकी बाजार के होलसेल स्वर्ण व्यवसायी देवीलाल प्रसाद ज्वेलर्स में पिछले वर्ष दो करोड़ 70 लाख रुपए के जेवर लूटकांड का मास्टर माइंड मुकेश राय को उसके एक साथी के साथ गिरफ्तार कर लिया है। वहीं लूट का सोना-चांदी भी बरामद किया है। वहीं लूटकांड में शामिल दो अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। मोतिहारी एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि चकिया देवीलाल ज्वेलर्स लूटकांड का मास्टरमाइंड मुकेश राय चकिया में आया है। चकिया के प्रभारी एडीपीओ राजेश कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर चकिया बाजार समिति के समीप छापेमारी की गई। जहां से मुकेश को गिरफ्तार किया। वहीं मुकेश के निशानदेही पर स्वर्ण व चांदी का आभूषण सहित अन्य सामान बरामद किया गया।

### दुर्भाग्य है कि रेलवे को भी राजनीति का अखाड़ा बना दिया गया : मोदी



**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अजमेर से दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर पीएम मोदी ने इशारों-इशारों में आरजेडी सुप्रीमो और पूर्व रेलमंत्री लालू प्रसाद यादव को निशाने पर लिया। पीएम ने कहा कि हमारे देश का दुर्भाग्य रहा है कि रेलवे जैसी महत्वपूर्ण व्यवस्था, जो सामान्य मानविकी का हिस्सा है, उसे भी राजनीति का अखाड़ा बना दिया गया। पीएम ने कहा कि आधुनिकिरण पर राजनीतिक स्वार्थ हावी रहा। राजनीतिक स्वार्थ को देखकर तब यह तय किया जाता था कि कौन रेलमंत्री बनेगा कौन नहीं बनेगा। राजनीतिक स्वार्थ ही तय करता था कि कौन सी ट्रेन किस स्टेशन पर रूकेगी। राजनीतिक स्वार्थ में ही बजट में ऐसी ऐसी ट्रेनों की घोषणा करवाई गई जो कभी चली ही नहीं। हालत ये थी कि रेलवे की भर्तियों में राजनीति होती थी। बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार होता था। हालत ये थी कि गरीब लोगों की जमीन छीनकर उन्हें रेलवे में नौकरी का झांसा दिया गया।

### नीतीश सरकार कब पलटी मारेगी, इसकी कोई गारंटी नहीं : सम्राट



**पटना।** बिहार बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने मंगलवार को 5 हजार से अधिक लोगों के दूसरे दलों को छोड़कर बीजेपी में शामिल होने का दावा किया। इसके साथ ही बिहार की महागठबंधन सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इस वक्त जो सरकार है, वह कब पलटी मारेगी, इसकी कोई गारंटी नहीं दे सकता है। उन्होंने कहा कि इस सरकार की नीति भी कुछ ऐसे ही है। सम्राट चौधरी ने कहा कि शिक्षकों की बहाली की नई नियमावली आई है। इस नियमावली से जिन नियोजित शिक्षकों को परमानेंट नौकरी की गारंटी देने की बात की गई थी, वह आज सड़क पर हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार का कमिटमेंट है कि शिक्षक अभियार्तियों की बहाली का जो वादा मंत्री और बिहार बोर्ड के अध्यक्ष ने किया था, उसका क्या हुआ। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आप ऐसे वोट कीजिए कि लोकसभा चुनाव में महागठबंधन को जीरो सीट मिले।




**उत्तर प्रदेश में कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की समीक्षा बैठक**

# बुजुर्ग, बच्चे और बीमार लोग भीड़भाड़ में जाने से बचें: योगी

- लखनऊ, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, वाराणसी, आगरा और मेरठ जनपद में विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत
- कोविड के हर संदिग्ध मरीज को तत्काल चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराई जाए

**एजेंसी/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को बढ़ते कोरोना के नए मामलों के बीच राज्य स्तरीय कोविड सलाहकार समिति और उच्चस्तरीय टीम-9 के साथ यूपी की स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। सीएम योगी ने कहा कि अस्पतालों में मास्क का प्रयोग अनिवार्य हो। कोविड से बचाव के लिए जागरूकता बढाएं। बुजुर्ग, बच्चे



और बीमार लोग भीड़भाड़ से बचें। सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नगर निकाय चुनाव के बीच हर व्यक्ति की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित हो। राज्य निर्वाचन आयोग से संवाद कर उपाय लागू करें। मतदान कार्मिकों को कोविड सुरक्षा किट उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने आगे कहा कि हर जिले में डेडिकेटेड कोविड हॉस्पिटल तत्काल क्रियाशील हो।

बता दें कि उत्तर प्रदेश में कोरोना वायरस के 1791 एक्टिव केस हैं और अप्रैल माह में अब तक पॉजिटिविटी दर 0.65% रही है। योगी ने कहा कि पिछले अनुभवों को देखते हुए यह आवश्यक होगा कि हम हर स्तर पर सतर्क रहें। हमें अलर्ट मोड में रहना होगा। लखनऊ, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, वाराणसी, आगरा और मेरठ जनपद में विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। कोविड के हर संदिग्ध मरीज को तत्काल चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराई जाए। स्थानीय जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित करते हुए सभी जिलों में डेडिकेटेड कोविड हॉस्पिटल तत्काल क्रियाशील कर दिया जाए।

### हर मतदाता की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित हो, इसका ध्यान रहे

मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी नगर निकाय चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। चुनाव प्रचार और मतदान के बीच संक्रमण प्रसार की आशंका भी है। ऐसे में हर मतदाता की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित हो और वह अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके, इसके लिए मुख्य सचिव स्तर से राज्य निर्वाचन आयोग से संवाद स्थापित करते हुए आवश्यक उपाय किए जाएं। आवश्यकतानुसार मतदान कार्मिकों को कोविड सुरक्षा किट भी उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि कोविड से बचाव के लिए उत्तर प्रदेश में सभी जरूरी लॉजिस्टिक उपलब्ध हैं। पिछले साल स्थापित सभी ऑक्सीजन प्लांट क्रियाशील हों।

मुफस्सिल थाना क्षेत्र के न्यू अल-हफीज कॉलेज के समीप आरा-सलेमपुर रोड पर हुई घटना

# तेज रफ्तार मिट्टी लदे ट्रैक्टर ने स्कूल जा रहे किशोर को कुचला, लोगों ने किया सड़क जाम



**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के न्यू अल-हफीज कॉलेज के समीप आरा-सलेमपुर रोड पर बुधवार की सुबह मिट्टी लदे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने स्कूल जा रहे छात्र को रौंद डाला। घटना में छात्र की मौत मौके पर ही हो गयी। घटना इतनी दर्दनाक थी कि छात्र के पीठ पर रखा बैग फट गया और किताबें रोड़ पर बिखर गयी। मृतक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के छोटकी सनदिया गांव निवासी हरेंद्र कुमार गोड़ का बेटा करण कुमार (12 वर्षीय) बताया जा रहा है। जो मौलाबाग स्थित एक स्कूल में सातवीं कक्षा का छात्र था और वो प्रतिदिन की तरह साइकिल से स्कूल जा रहा था।

घटना की जानकारी होने के बाद स्थानीय लोगों का आक्रोश भड़क उठा। अक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रैक्टर को पकड़ लिया गया और चालक की जमकर पिटाई की। उसके बाद सभी ने मुआवजे की मांग को लेकर आरा सलेमपुर मार्ग जाम कर दिया। इस दौरान लोगों ने सड़क पर शव रखा और टायर जला आवागमन बाधित कर दिया। मामले की जानकारी ही एसपी के निर्देश पर मुफस्सिल थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, नवादा थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार और टाउन थानाध्यक्ष संजीव कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस अफसरों द्वारा ने को समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया गया। साथ ही मुआवजे का भी आश्वासन दिया। जिसके बाद जाम हटाया गया। जाम के कारणण आरा-सलेमपुर रोड पर करीब दो घंटे तक आवागमन बाधित रहा। रोड समाप्त होने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस द्वारा ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया है चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

- मुआवजे की मांग को लेकर डटे रहे आक्रोशित, अधिकारियों ने की समझाइश
- घटना के बाद घर में मचा कोहराम, परिजनों का रो-रोककर बुरा हाल

**स्थानीय युवक ने ट्रैक्टर चालक को मारा लोटा :** छात्र के पिता हरेंद्र कुमार गोड़ ने बताया कि करण मौलगाबाग स्थिति गुरुनानक अभ्यासार्थ स्कूल में पढ़ता था। वो साइकिल से पढ़ने के लिए स्कूल जा रहा था। बुधवार को भी वो घर से साइकिल से निकला तभी न्यू अल-हाफीज कॉलेज के समीप सामने से काफी तेज रफ्तार में आ रहा मिट्टी लदा एक ट्रैक्टर उसे रौंद डाला। ट्रैक्टर की रफ्तार इतनी तेज थी कि वह उसमें फंस गया और कुछ दूर तक घसीटाता चला गया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। बताया जाता है कि हादसे के दौरान धनलाल नामक स्थानीय युवक वहां मौजूद था। उसने ट्रैक्टर को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक ट्रैक्टर रोकने का नाम नहीं ले रहा था। बाद में उसने लोटा चला कर चालक के सिर पर मारा। तब चालक ने ट्रैक्टर रोकी, तबतक छात्र की जान जा चुकी थी। उसके बाद चालक ट्रैक्टर छोड़ कर भागने लगा, लेकिन कुछ लोगों ने खदेड़ कर उसे पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

## एक माह बाद बहन की थी शादी



ग्रामीणों ने बताया कि ट्रैक्टर चालक की लापरवाही से एक होनहार छात्र की जान चली गयी। मृत छात्र के घर में कोहराम मच गया है। छात्र अपने चार बहन और दो भाइयों में चौथे स्थान पर था। उसके पिता हरेंद्र मजदूरी कर किसी तरह अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। वो पढ़ाई में काफी होशियार था। उन्होंने मजदूरी करके भी बड़े जतन से करण की पढ़ाई की व्यवस्था की थी। लेकिन एक ही झटके में उनका सारे सपने चूर हो गए। बताया जा रहा है कि ठीक एक माह बाद करण की बड़ी बहन अंशु की शादी होने वाली है।10 मई को तिलक और 15 को बारात आने वाली है। उसे लेकर घर में खुशी का माहौल था। शादी की तैयारी भी तेज हो गयी थी। करण भी बहन की शादी को लेकर उत्साहित था। इस बीच बड़ा हादसा हो गया। बहन की शादी के पहले उसकी अर्थी उठ गयी। ऐसे में घर में चीत्कार मचा है। मां और बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



ग्रामीणों को समझाते पुलिस अधिकारी

## असामाजिक तत्वों ने बाबा साहेब की मूर्ति तोड़ी, ग्रामीणों ने काटा बवाल

**छपरा।** सारण जिले के मशरक थाना क्षेत्र के लखनपुर में बुधवार को ग्रामीणों ने जमकर बवाल काटा। जहां गांव के गोलम्बर पर खड़ी बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति को कुछ अज्ञात असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त किया था। जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने एनएच-227 एवं राम-जानकी पथ पर आवागमन ठप्प कर दिया। वहीं, आक्रोशितों ने नारेबाजी करना शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू किया। ग्रामीणों का आक्रोश देख पुलिस अधिकारी व जवान भी सख्ते में थे। लोगों द्वारा प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। मौके पर पुलिस अधिकारियों ने पूर्व मुखिया ललन मांझी से वार्ता की। जहां उन्होंने बताया कि बुधवार की अहले सुबह ग्रामीणों ने देखा कि लखनपुर गोलम्बर पर स्थापित अम्बेडकर जी की मूर्ति अज्ञात असामाजिक तत्वों के द्वारा क्षतिग्रस्त कर दी है। यह सूचना गांव और आसपास के क्षेत्रों में आग की तरह फैल गई। घटना से क्षुद्ध ग्रामीण आक्रोशित हो उठे और मुख्य सड़क जाम कर प्रशासन के विरोध करने लगे। असामाजिक तत्वों ने मंगलवार देर रात इस घटना को अंजाम दिया है।

मामला बढ़ता देख मढ़ौरा डीएसपी, एसडीओ सहित मशरक थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान एसडीओ, डीएसपी ने सभी अक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। अधिकारियों ने तत्काल दूसरी मूर्ति लगवाई और बाद में नई मूर्ति की स्थापना का भरोसा दिया। उसके बावजूद लोगों का गुस्सा शांत नहीं हुआ। लोगों ने एसडीओ से आरोपितों की पहचान कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की। हालांकि, पुलिस आरोपितों को पकड़ने में जुट गई। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया।

## कांट्रैक्ट के विवाद में हुई मारपीट की गई फायरिंग, तीन गिरफ्तार

- दोनों पक्ष ने दर्ज करायी प्राथमिकी, एक-दूसरे पर लगाया आरोप

**केटी न्यूज/आरा**

जिला मुख्यालय स्थित नगर थाना क्षेत्र के आनंद नगर मोहल्ले में मंगलवार की रात पूर्व के विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गयी। साथ ही, दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर फायरिंग करने का भी आरोप लगाया। मामले में दोनों पक्षों ने नामजद प्राथमिकी भी दर्ज करायी है। हालांकि, पुलिस ने दोनों पक्षों के दिए आवेदन के अनुसार कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों के तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनमें एक पक्ष के शिवसेना जिलाध्यक्ष शंभू सिंह और दूसरे पक्ष के रंजन कुमार पासवान और अजय कुमार पासवान शामिल हैं।

नवादा थाना क्षेत्र के श्रीटोला मोहल्ला निवासी रंजन कुमार पासवान के दिए गए आवेदन के अनुसार वह पेटी कंट्रैक्टर के तौर पर नहर के निर्माण का कार्य कर रहा है। जिसमें इंजीनियर और ठेकेदार के नेतृत्व में निर्माण कार्य के लिए उसे बालू, गिट्टी व मिट्टी पहुंचाने और ढलाई का काम मिला है। मंगलवार की रात करीब आठ बजे इंजीनियर ने फोन कर बताया कि शंभू सिंह उनके साथ पेटी कंट्रैक्ट के लिए मारपीट कर रहा है। सूचना मिलते ही वो अपने बेटे और अन्य लोगों के साथ इंजीनियर के आवास पर पहुंचा। जहां देखा कि शंभू सिंह व अन्य लोग मारपीट कर रहे हैं। उसने विरोध किया, तो शंभू सिंह ने जाति सूचक शब्द का प्रयोग करते हुए गाली गलौज की गयी। उसी दौरान शंभू सिंह ने उसके और उसके बटे पर चार राउंड फायरिंग की। वहीं, शिवसेना अध्यक्ष शंभू सिंह की ओर से दर्ज प्राथमिकी में बताया गया कि रात करीब 9 बजे रंजन कुमार पासवान और अजय कुमार पासवान सहित अन्य 10-20 लोग नशे में आनंद नगर स्थित उसके ऑफिस पहुंचे। उसके बाद फायरिंग की जाने लगी। उन्होंने शंभू सिंह के मकान में रहने वाले किरायेदारों के साथ मारपीट व गाली-गलौज की। बाद में स्थानीय लोगों द्वारा विरोध करने पर सभी लोग फायरिंग करते भाग निकले। सूचना मिलने पर पुलिस मामले की छानबीन की। जहां सीसीटीवी फुटेज भी खंगाला गया। बताया जा रहा है कि सीसीटीवी फुटेज में कुछ लोगों को फायरिंग करते देखे गए।

## प्रेमिका को परीक्षा दिलाने आरा आए युवक को परिजनों ने पीटा

**आरा।** बुधवार को अजीब मामला प्रकाश में आया। जिसमें पटना के युवक को अपनी प्रेमिका को लेकर परीक्षा दिलाने आरा आना महंगा पड़ गया। जहां युवक की प्रेमिका के परिजनों ने उसकी जमकर पिटाई की। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। हालांकि, स्थानीय लोगों व पुलिस की मदद से उसका इलाज सदर अस्पताल में कराया गया। घायल युवक पटना के जक्कनपुर थाना अंतर्गत करबिगहिया निवासी रंजीत कुमार है। उसकी प्रेमिका आरा के चंदवा की रहने वाली है। जो बीए पार्ट टू की परीक्षा देने के लिए जगजीवन कॉलेज आयी थी।

घटना को लेकर अफरातफरी मची रही। मामले की सूचना मिलने पर नवादा थाना की पुलिस मौके पहुंची और उसे सदर अस्पताल ले गयी। जख्मी रंजीत ने पुलिस को बताया कि एक साल पहले उसके मोबाइल पर रॉन्ग नंबर से कॉल आया। उसके बाद दोनों बातचीत करने लगे और दोनों में प्यार हो गया। कुछ माह बाद उसकी प्रेमिका भागकर उसके घर पटना पहुंच गई। उसने युवती को वापस उसके घर भेज दिया, लेकिन दो माह आद वह फिर उसके घर पहुंच गई। उसके बाद दोनों ने पटना स्थित मंदिर में शादी कर ली। उसके बाद वह उसी के साथ उसी के घर पर रहती थी।

## संसार के सभी जड़-चेतन अपने अपने धर्म से होते हैं संचालित : जीयर स्वामी

- शाहपुर प्रखंड स्थित गौतमनगर में श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का आयोजन

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के शाहपुर प्रखंड स्थित गौतमनगर में नवनिर्मित श्री त्रिदण्डीदेव डिग्री महाविद्यालय में श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ चल रहा है। इस क्रम में जीयर स्वामी जी महाराज द्वारा कथा वाचन किया जा रहा है। इस क्रम में प्रवचन करते हुये श्री जीयर स्वामी जी ने कहा कि धर्म वस्तु का प्राकृत स्वभाव है। जो भ्रष्ट संतों से प्रमाणित होती है। वास्तविक संतों की विद्यमानता मनुष्य का भाग्य होता है। उसका पूर्व कृत-कर्म धर्म एक पद्धति है। संसार के सभी जड़-चेतन अपने अपने धर्म से ही संचालित होते हैं। धर्म को कभी भी संकुचित दायरे में नहीं आंकना चाहिए। धर्म वह धुरी है, जिससे समस्त जड़-चेतन संचालित होते हैं। जो अपने धर्म से विमुख हो जाता, उसका वजूद समाप्त हो जाता है। हम पतनोन्मुखी हैं तो धर्म हमें बचा लेता है। श्री जीयर स्वामी ने कहा कि आज तेजी से नैतिकता का क्षरण हो रहा है। धनार्जन की होड़ लगी है। अपने धर्म के प्रति आस्था कमजोर हो रही है। माता-पिता के प्रति दायित्व कम हो रहा है। आज संस्कृति, संस्कार और नैतिकता का संरक्षण एक चुनौती हो गयी है। ऐसी परिस्थिति में यज्ञ और सत्संग की सार्थकता है।

उन्होंने कहा कि दुनिया में मशीनें सब चीज बना रही हैं, लेकिन वे मन में संस्कृति, संस्कार और नैतिकता का भाव नहीं पैदा कर सकतीं। यज्ञ और सत्संग के द्वारा ही मानव मन में इनका बीजारोपण हो सकता है। इसीलिए आज संतों का महत्व पहले से अधिक बढ़ गया है। स्वामी जी ने कहा कि आज साधु-संतों की चर्चा कई मायने में हो रही है, लेकिन यह समझना होगा कि जिसका



अस्तित्व होता है, उसी की नकल होती है। इसका अर्थ यह नहीं कि उसका मूल ही गलत है। आज-कल कंचन और कामिनी के भोग के संदर्भ में भी संत समाज चर्चित है। आम लोगों का विश्वास संतत्व से डिग रहा है। लेकिन विवेकी जनों को यह समझना चाहिए कि ये नकली साधु संत वास्तविक संत के नकली रूप है। इनकी मौजूदगी से यह समझना चाहिए कि आज भी वास्तविक साधु-संत हैं, जिनका ये नकल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो नोट प्रचलन में होता है उसी की नकल की जाती है। तीन सौ रुपए का नोट नहीं छपता है। इसलिए तीन सौ रुपए का नोट प्रचलन में नहीं है। आज दो हजार का नोट प्रचलन में है। इसलिए इसका नकली रूप भी है।

सरकार की गाइडलाइन के अनुसार 40 प्रतिशत तक दिया जाएगा प्रमाणपत्र

# लिम्फेडेमा मरीजों के लिए दिव्यांगता सर्टिफिकेट बनाने की कवायद शुरू

- मरीज को संबंधित पीएचसी व सदर अस्पताल में करानी होगी जांच

**केटी न्यूज/छपरा**

गंभीर बीमारियों के कारण कई लोगों में जीने की चाह खत्म हो जाती है। ऐसी ही गंभीर बीमारियों में से एक है फाइलेरिया। जिसके कारण कई लोग हाथीपांव (लिम्फेडेमा) के शिकार हो जाते हैं। इनमें से कुछ की हालत इतनी गंभीर हो जाती है, जिससे वो चलने फिरने में असमर्थ हो जाते हैं। जिससे वो मानसिक रूप से भी कमजोर हो जाते हैं। क्योंकि इन परिस्थितियों में वो खुद को घर वालों पर बोझ समझने लगते हैं। लेकिन सरकार अब गंभीर रूप से लिम्फेडेमा के मरीजों का जीवन बेहतर



बनाने की दिशा में कार्यरत है। इस क्रम में सरकार ने लिम्फेडेमा के मरीजों के लिए दिव्यांगता सर्टिफिकेट बनाने की कवायद शुरू कर दी है। जिसके तहत अब सारण जिले में भी लिम्फेडेमा के हाथीपांव के मरीजों को दिव्यांगता प्रमाणपत्र बनाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

## मापदंड के अनुसार दिव्यांगता की होगी जांच

जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि लिम्फेडेमा की गंभीरता को देखते हुए सरकार व विभाग ने मरीजों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने का निर्णय लिया। लेकिन, इसके लिए मरीजों के लिए अहताएं रखी हैं। यह दिव्यांगता प्रमाणपत्र सिर्फ उन लिम्फेडेमा के मरीजों को ही निर्गत किया जाएगा, जो बीमारी के कारण चलने फिरने में असमर्थ हैं। इसकी जांच के लिए मरीज को सदर अस्पताल में आना होगा। जहां पर उनकी दिव्यांगता का परीक्षण किया जाएगा। उसके बाद उन्हें अधिकतम 40 प्रतिशत दिव्यांगता कैटेगरी का प्रमाण पत्र निर्गत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे में कई मरीज ऐसे भी आए जिनकी दिव्यांगता प्रतिशत शून्य है। ऐसे मरीज को समझना होगा कि यह सेवा केवल उन मरीजों को ही दी जाएगी, जो लिम्फेडेमा के कारण दिव्यांग हो चुके हैं।

अब तक आधा दर्जन से अधिक मरीजों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत किया जा चुका है। जल्द ही यह प्रक्रिया प्रखंडों में स्थित सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी शुरू की जाएगी। ताकि, लिम्फेडेमा के कारण दिव्यांग हो चुके मरीजों को सहूलियत मिल सके।

**लिम्फेडेमा के मरीजों के बीच शुरू होगा एमएमडीपी किट का वितरण :** डॉ. दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने लिम्फेडेमा के मरीजों के लिए कई योजना शुरू की है। जिसमें लिम्फेडेमा के मरीजों के बीच रुग्णता प्रबंधन और विकलांगता रोकथाम (एमएमडीपी) के लिए किट का वितरण किया जा रहा है। जिसके तहत अब जिले के हाथीपांव के मरीजों को एमएमडीपी किट का वितरण किया जाएगा। इसके लिए सभी प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को हाथीपांव के मरीजों की लाइन लिस्टिंग करने का निर्देश जारी किया गया है। ताकि, हाथीपांव के उन मरीजों को चिह्नित किया जा सके, जो ग्रेड चार से ऊपर हों। हाथीपांव के ग्रेड चार के ऊपर के मरीजों के पैरों की मांसपेशियों में फोल्ड्स आ जाते हैं, जिसके कारण उन्हें पैरों की साफ-सफाई रखनी आवश्यक हो जाती है। उन्होंने बताया कि किट वितरण के साथ मरीजों को किट के इस्तेमाल और व्यायाम के संबंध में बताया जाएगा। जिससे हाथीपांव की रोकथाम की जा सके।

## एक नजर

### बदमाशों ने छीना मोबाइल, विरोध करने पर युवक को मारी गोली, जांच में जुटी पुलिस



**आरा।** जिले के संदेश थाना अंतर्गत कोरी गांव स्थित नहर के समीप अपराधियों ने बुधवार की दोपहर एक किशोर से मोबाइल छीनने की घटना सामने आई। जिसमें मोबाइल छीनतई का विरोध करने पर बदमाशों ने उसे गोली भी मार दी। घटना में गोली उसके बाएं हाथ में लगी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी किशोर संदेश थाना क्षेत्र के रामासाढ़ गांव निवासी मो. मैनुद्दीन का बेटा जन्नत हुसैन (17 वर्षीय) बताया जा रहा है। उसका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी युवक के अनुसार अपराधियों की संख्या तीन थी, जो अपाची बाइक पर सवार थे। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अवधेश कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गये और आपराधियों की धरपकड़ को छापेमारी शुरू कर दी। जख्मी जन्नत हुसैन ने बताया कि वो अपने गांव से पैदल जा रहा था। जैसे ही वह कोरी गांव स्थित नहर के पास पहुंचा, तभी अपाची बाइक पर सवार तीन बदमाश आ गए और उसका मोबाइल छीनने लगे। जिसका उसने विरोध किया, तो एक बदमाश ने उसे गोली मार दी और मोबाइल छीन कर भाग गये। घटना की सूचना मिलने पर परिजन पहुंचे और इलाज के लिए उसे कोरी गांव स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे आरा सदर अस्पताल लाया गया। किशोर जन्नत हुसैन द्वारा किसी से दुश्मनी और किसी विवाद से साफ इनकार किया गया है। हालांकि पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। अपराधियों की पहचान और धरपकड़ की कोशिश की जा रही है। इसके लिए पूरे इलाके में वाहन चेकिंग अभियान तेज कर दी गयी है।

### 27 साल पूर्व चार लोगों की हत्या मामले में 12 लोगों को आजीवन कारावास, छह बरी



**जहानाबाद।** 27 वर्ष पूर्व हुए चार लोगों की गोली मारकर हत्या मामले में बुधवार को सजा सुनाई गई। एडीजे-2 जावेद अहमद खान ने मामले में कुल 12 लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। वहीं, सबूतों के अभाव में 6 लोगों को बरी किया गया। मामला अरवल जिला के करपी थाना अंतर्गत केयाल गांव का था। जिसमें करपी निवासी शिव नारायण सिंह ने प्रतिबंधित संगठन के 30 से 40 अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करायी थी। प्राथमिकी में सूचक ने आरोप लगाया था कि करपी के ग्रामीणों ने सिंचाई के लिए आहर में पानी जमा किया था। जिसे असाढ़ी गांव के लोग काट कर बहा दिया करते थे। जिसके बाद ग्रामीणों ने निगरानी के लिए निगरानी दल का गठित की थी। आठ अगस्त 1996 को निगरानी दल में भरत सिंह, मंगल सिंह, रामनिवास सिंह, नवलेश सिंह, भोला सिंह कारू, प्रमोद कुमार, गंगु कुर्मी समेत कई लोग खाना खाकर बांध के समीप झोपड़ी में बैठे थे। इस बीच आधी रात में 30 से 40 की संख्या में हरवे हथियार से लैस प्रतिबंधित संगठन के सदस्यों ने झोपड़ी को घेर लिया। जहां उन्होंने वहां मौजूद ग्रामीणों के साथ मारपीट की। जब ग्रामीणों ने विोध किया तब दूसरे पक्ष के लोगों ने फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें भरत सिंह, मंगल सिंह, रामविलास सिंह व नवलेश सिंह की मौत हो गई। वहीं, फायरिंग में प्रमोद कुमार बुरी तरह से जख्मी हो गया। मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के बाद अनुसंधान शुरू किया गया। जिसमें 24 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया, लेकिन तीन आरोपितों की मौत हो गई थी। वहीं, फैसले के दिन एक आरोपित बसंत सिंह अनुपस्थित हो गया। न्यायालय ने बसंत सिंह को उपरोक्त धाराओं में दोषी पाकर उसका बंध पत्र निरस्त कर गैर जमानती अधिपत्र जारी किया है। मामले में अभियोजनकर्ता की ओर से कुल 27 गवाह प्रस्तुत किए गए थे।

### नगर परिषद की बैठक की कराएं वीडियोग्राफी, फैसलों को रजिस्टर में लिखें: डीएम



**जहानाबाद।** वार्ड पार्षदों का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी रिची पांडेय से मिला। वार्ड पार्षदों ने बताया कि नगर परिषद द्वारा 4 फरवरी को आयोजित पार्षदों के आम बैठक के प्रोसिडिंग में की गई छेड़छाड़ की गई। साथ ही, बिना कागजी कार्रवाई के नाली-गली का कार्य घटिया तरीके से कराये जाने, वार्डों में कम सफाई कर्मी भेजे जाने, शिकायत करने पर मुख्य पार्षद द्वारा झुठे मुकदमें में फंसाने सहित कई मामलों को रखा। उन्होंने तत्काल नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी कुमार ऋत्विक को अपने कार्यालय कक्ष में बुलाया और वार्ड पार्षदों द्वारा किए गए शिकायत की विस्तृत जानकारी उन्होंने उनसे मांगी। उन्होंने यह स्वीकार किया कि बैठक की प्रोसिडिंग में हमारे हस्ताक्षर करने के बाद कुछ अतिरिक्त बातें जोड़ी गई है। इस पर जिलाधिकारी ने दोषियों पर कार्रवाई नहीं करने के संबंध में पूछा। डीएम ने निर्देश दिया कि बैठक की पूरी वीडियोग्राफी कराई जाए। साथ ही, जो निर्णय लिया जाए उसको रजिस्टर में दर्ज करने को कहा। बिना कागजी कार्रवाई पूर्ण किए हुए कई वार्डों में नाली-गली का कार्य के मामले में जिलाधिकारी ने कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया कि ऐसे कार्यों की जानकारी प्राप्त कर इसके भुगतान पर तत्काल रोक लगायें। वार्ड पार्षदों ने जिलाधिकारी को बताया कि एक ही लेबर कई-कई वार्डों में सफाई का कार्य महज कुछ मिनटों के लिए करते हैं और फोटो खींचा कर अपने ग्रुप में शेयर कर देते हैं। मजदूर द्वारा नियमित रूप से वार्डों की सफाई नहीं की जा रही है। इस पर जिलाधिकारी ने कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया कि ठेकेदार द्वारा आपूर्ति किए जा रहे मजदूरों को सभी वार्डों में बराबर बांट कर भेजें तथा उसकी उपस्थिति की जानकारी स्थानीय वार्ड पार्षद से प्राप्त करें। तभी उन मजदूरों की मजदूरी का भुगतान किया जाए।

### सेवानिवृत पुलिस महानिदेशक का किया गया अभिनंदन

**जहानाबाद।** तमिलनाडु के सेवानिवृत पुलिस महानिदेशक, वेल्फेयर डॉ करुणा सागर का सिविल सोसाइटी, की ओर भव्य समारोह आयोजित कर अभिनंदन किया गया। स्वामी सहजानंद सरस्वती संग्रहालय के सभागार में आयोजित अभिनंदन समारोह की अध्यक्षता जहानाबाद के वरिष्ठ नागरिक चन्द्रिका मंडल ने की। सेवानिवृत्ति के बाद पहली बार उनके आगमन के मौके पर उनके द्वारा की गई सेवा का सम्मान करने के उद्देश्य से सिविल सोसाइटी ने उनका अभिनंदन किया। डॉ करुणा सागर के सम्मान में आयोजित अभिनंदन समारोह को जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष सत्येन्द्र यादव, जनमुक्ति आंदोलन के महासचिव हरिलाल प्रसाद, पीपी एडुकेशनल समूह के चेयरमैन डॉ अभिराम सिंह, पूर्व जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, सोशल ऐक्टिविस्ट इन्दु कुमारी, प्रो उमाशंकर सिंह सुमन, रामकृष्ण परमहंस विद्यालय के निदेशक चंद्र भूषण शर्मा, अशोक प्रियदर्शी, आरजेडी नेता ललन जी रमेश कुमार यादव आदि मौजूद रहें।

सुविचार


महात्मा गांधी

हमेशा इस बात का ध्यान रखें कि आप आज जो करते हैं उस पर भविष्य निर्भर करता है।

मौसम अधिकतम : 41° न्यूनतम : 24°

सर्राफा सोना : 56250 (22 कैरट) चांदी : 77350 (1 किलो)

बड़ी खबर राधास्वामी सत्संग की जमीन पर है भू-माफिया की नजर

केशव टाइम्स

बक्सर, 13 अप्रैल 2023

बक्सर

website : keshavtimes.com

e-mail : keshavtimes1@gmail.com



## खबरें फटाफट

### ट्रैक्टर के मालिक व चालक के बीच मारपीट, केस दर्ज

**नावानगर।** स्थानीय गांव के एक ट्रैक्टर मालिक व चालक के बीच मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। इस मारपीट में दोनों पक्ष से दो लोग जख्मी हुए हैं। जख्मी लोगों का सीएससी नावानगर में इलाज कराया गया। इस संबंध में दोनों पक्ष के लोग एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए सोनवर्षा ओपी में एफआईआर दर्ज कराया है। दर्ज एफआईआर में एक पक्ष के सोनवर्षा गांव निवासी ट्रैक्टर ऑनर विजय साह ने अपने चालक पर आरोप लगाया है, कि हार्वेस्टर से गेहूं की कटाई हो रही थी। उस दौरान ट्रैक्टर में गेहूं लोड करना था। पर चालक बदन चौधरी अपनी मनमानी करते हुए मोबाइल में उलझा हुआ था। इसके लिए मना करने पर वह मेरे साथ गली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। वहीं दूसरे पक्ष के ट्रैक्टर चालक भोजपुर जिला अंतर्गत अगिआंव बाजार थाना के चकटोला गांव निवासी बदन चौधरी ने आरोप लगाया है, कि उनका मालिक पिछले एक साल से मजदूरी नहीं दे रहा है। मांगने पर विजय साह, व उसके दो भाई मिंटू साह व सिंटू साह ने उसके साथ मारपीट करने लगे।

### आरपीएफ जवान की बाइक चोरी

**डुमरांव।** डुमरांव में सक्रिय बाइक चोरों ने एक आरपीएफ जवान की बाइक उड़ा दी है। जवान की बाइक रेलवे क्रॉसिंग के समीप खड़ी थी। पीड़ित आरपीएफ पोस्ट बक्सर में कार्यरत है, जिसकी पहचान श्यामनारायण सिंह थाना करीमुद्दीनपुर जिला गाजीपुर यूपी बताया जाता है। इस मामले में आरक्षी ने नया भोजपुर ओपी थाने में आवेदन देकर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पीड़ित ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि वह डुमरांव सुरक्षा बंदोबस्त ड्यूटी में तैनात था। इस दौरान उसने अपनी बाइक रेलवे क्रॉसिंग के पास एक मिठाई दुकान के समीप खड़ी की थी। ड्यूटी से जब वापस आया तो बाइक वहां से नदारद थी।

# अभियान... जलजमाव से निजात दिलाने के लिए बक्सर में शुरू हुई नालों की सफाई

- बोली कार्यपालक पदाधिकारी- बड़े छोटे कुल 60 नालों की मई तक कर ली जाएगी उड़ाही
- अधिकारियों को निर्देश- पानी का बहाव रोककर पूरे तह तक नाली की सफाई कराएं ताकि गाद न रह जाए

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर नगर परिषद स्वच्छता अभियान को धरातल पर उतारने को लेकर तत्पर हो गया है। वही शहर को बरसात में नालियों के पानी के ओवर फ्लो के कारण होने वाले जलजमाव से मुक्ति दिलाने के लिए अभी से ही कवायद शुरू हो गई है। इस प्रयास में नालों तथा नालियों की उड़ाही शुरू हो गई है। नालों की सफाई मई माह से पूर्व ही करा लेने का लक्ष्य नगर परिषद ने निर्धारित किया है।



कार्यपालक पदाधिकारी प्रेम स्वरूपम में इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि कुल 60 छोटे बड़े नालों की सफाई किया जाना है। जो मई के पहले तक पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि नालियों की सफाई हो जाने से बरसात में शहरवासियों को जलजमाव की समस्या नहीं झेलनी पड़ेगी।

बता दें कि पिछले कुछ वर्षों में नप द्वारा समय रहते नालियों की सफाई कर गाद नहीं निकाले जाने के कारण बरसात के दिनों में जलजमाव की गंभीर समस्या देखने को मिली है। जिस कारण शहरवासी खसे परेशान रहते है। बरसात में कई इलाकों में जलजमाव के कारण आवागमन कठिन हो जाता है। लेकिन इस बार नगर परिषद प्रशासन बरसात पूर्व सफाई अभियान में दिलचस्पी दिखा रहा है। जिस कारण शहवासियों में इस बात की उम्मीद बनी है कि इस बार उन्हें बरसात में नारकीय जिंदगी से छुटकारा मिलेगी।

### सफाई के साथ ही की जा रही इसकी मॉनिटरिंग

कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि सफाई के साथ ही अधिकारियों द्वारा इसकी निगरानी भी की जा रही है। जिससे सफाई के नाम पर मजदूरों द्वारा सिर्फ कोरम पूरा न किया जा सके। इसको लेकर बुधवार को नगर परिषद का कार्यपालक पदाधिकारी प्रेम स्वरूपम ने स्वयं सोमेश्वर स्थान स्थित मेन रोड के नाले की सफाई का जांच की। इसके साथ ही आवश्यक निर्देश कनीय अभियंता को दिया कि नालों की सफाई के दौरान पानी का बहाव रोककर पूरे तह तक सफाई की जाए ताकी नाली में गाद न रह जाए। कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि बार बार इसकी जांच की जाएगी ताकी मजदूर मनमानी न कर सकें। उन्होंने कहा कि नालियों की सफाई अभियान पर नगर परिषद प्रशासन को पूरा फोकस है।

**छह टीमें कर रही नालों की सफाई:** कुल 60 नालों व नालियों की सफाई के लिए 6 टीम का गठन किया गया है। प्रत्येक टीम में 10-10 सफाई कर्मी शामिल हैं। आवश्यकता पड़ने पर सफाई कर्मियों की संख्या बढ़ाई जाएगी। जिससे निर्धारित समय में लक्ष्य की प्राप्ति शत प्रतिशत किया जा सके। कार्यपालक के इस निरीक्षण के दौरान यशवंत सिंह, नरसिंह चौबे, आशुतोष कुमार सिंह, नवीन कुमार पाण्डेय, कनीय अभियंता रवि रंजन आदि मौजूद थे।

## सावधान: डुमरांव में सक्रिय है बाइक चोर गिरोह, पलक झपकते उड़ा दे रहे मोटरसाईकिल

# टेक्सटाइल कॉलोनी से 15 दिनों में चार बाइक की चोरी, पुलिस के हाथ खाली

- अधिकतर बाइक चोरी की घटनाओं में नये उम्र के अपराधी सक्रिय हैं जिनका पहले से कोई आपराधिक इतिहास नही
- बाइक चोरी होने बाद गिरोह के सदस्य तत्काल नंबर प्लेट बदलकर दूसरे जिले के गिरोह के हाथों सौंप देते हैं

**सौरभ केशरी/डुमरांव**




डुमरांव का पॉश इलाका टेक्सटाइल कॉलोनी इन दिनों बाइक चोरों का सेफ जोन बन गया है। पिछले 15 दिनों में इस कॉलोनी से चार बाइकों की चोरी हो चुकी है। जिससे कॉलोनी निवासी डरे व सहमे हैं। टेक्सटाईल कॉलोनी के अलावे भी शहर में कई ऐसे स्पॉट है जहां से अक्सर बाइक की चोरी हो रही है। जंगलीनाथ महादेव मंदिर, रेलवे स्टेशन, मुख्य बाजार सहित कई जगह बाइक चोर गिरोहों का टारगेट बना है। उचक्कों का गिरोह भीड़-भाड़ वाले जगहों में भी बाइक चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। पिछले दो माह में सबसे अधिक बाइक चोरी की घटनाएं इन पॉश इलाकों से हुई हैं। जांच-पड़ताल के बाद पुलिस के सामने यह बात भी आयी कि अधिकतर बाइक चोरी की घटनाओं में नये उम्र के अपराधी सक्रिय है, जिनका पहले से कोई आपराधिक इतिहास नही रहता है। ऐसे में इनकी पहचान करना पुलिस के लिए चुनौती बन गयी है। कई जगहों पर गिरोह के सदस्य दिनदहाड़े घटना को अंजाम दे रहे है। चंद मिनटों में बाइक की चोरी करने में इन गिरोह के सदस्यों को महारत हासिल है। पिछले दिनों पुलिस के गिरफ्त में आये बाइक चोर के सदस्यों ने अपने दिये गये बयान में पुलिस को बताया था कि अंतरजिला के साथ अंतरराज्यीय गिरोह से भी सांठ-गांठ बनी रहती है।

बाइक चोरी होने बाद गिरोह के सदस्य तत्काल नंबर प्लेट बदलकर दूसरे जिले के गिरोह के हाथों सौंप देते है और दूसरे राज्यों से चोरी किये गये बाइक को इस इलाके में खपाया जाता है ताकि इसकी भनक पुलिस को नही लगे। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस के होश उड़ गये। पुलिस ने जब इस मामले की तहकीकात की तो सच्चाई सामने आयी। इन दिनों बाइक चोरी की सर्वाधिक घटनाएं टेक्सटाइल कॉलोनी सें सामने आ रही है। कॉलोनी के लोगों का कहना है कि पुलिस का गश्ती वाहन इधर नही आता, जिस वजह से चोर-उचक्के बाइक चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे है। वहीं जंगलीनाथ महादेव मंदिर में भी श्रद्धालुओं का आवागमन बढ़ गया है। पुलिस की फाइलो को देखे तो बाइक चोरी की अधिकांश घटनाएं मंदिर परिसर के बाहर हुई है। जबकि मंदिर प्रशासन द्वारा मुख्य गेट को बंद रखा जाता है। श्रद्धालुओं का कहना है कि मंदिर का गेट खुले रहने से बाइको को अंदर रखने पर सुरक्षा के साथ ही लोगों के नजर में रहेगी और चोर-उचक्कों की नजर नही पड़ेगी।

### संदिग्धों पर रहती है नजर

मुख्य सड़कों के अलावे कॉलोनियों व इलाके में पुलिस की गश्ती बनी रहती है. बाइक चोरी मामले में पुलिस की टीम ने कई बार चोरों के खिलाफ अभियान चलाकर नकेल कसा है। बाइक चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस संदिग्धों पर कड़ी नजर रखती है।

*-बिंदेश्वर राम, थानाध्यक्ष डुमरांव।*

**केस-1** टेक्सटाइल कॉलोनी बड़ा बगीचा में किराये के मकान में रह रहे सुरेंद्र यादव की बाइक उचक्कों ने उड़ा ली। पीड़ित अपने बाइक को दरवाजे के बाहर खड़ा कर अंदर चला गया था। जब वापस आया तो बाइक नदारद थी। पीड़ित ने इस मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ डुमरांव थाने में मामला दर्ज कराया है।

**केस-2** टेक्सटाइल कॉलोनी से ही एक अखबार वेंडर की टीवीएस मोपेड बाइक चोरी हो गयी। पीड़ित ठठेरी बाजार का रहने वाला जयप्रकाश प्रसाद बताया जाता है, जो टेक्सटाइल कॉलोनी में रह रहे अपने बड़े भाई से मिलने आये थे। दरवाजे पर बाइक को खड़ा कर वह घर के अंदर चले गये, जब वापस आया तो बाइक नदारद थी। पीड़ित ने इस मामले में स्थानीय थाने में मामला दर्ज कराया है।

**केस-3** टेक्सटाइल कॉलोनी से बाइक चोरों ने दरवाजे पर खड़ी एक हीरो सुपर स्प्लेंडर बाइक चोरी कर ली। पीड़ित टेक्सटाइल कॉलोनी निवासी अंजनी कुमार पाठक बताया जाता है, जिन्होंने अपने घर के दरवाजे के बाहर अपनी बाइक को खड़ा किया था। पीड़ित ने बाइक की काफी खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नही मिला। थक-हारकर पीड़ित ने डुमरांव थाने में मामला दर्ज कराया है।

## एक नजर

### शाही जामा मस्जिद में इफ्तार पार्टी का आयोजन



**डुमरांव।** डुमरांव नगर के तकिया मुहल्ला वार्ड नं 13 स्थित शाही जामा मस्जिद में 20 रमजान के मौके पर आम इफ्तार की दावत रखी गई। जिसमें हजारों की संख्या मे रोजेदारों ने हिस्सा लिया। पार्टी से नमाज की अदा की गई जिसमें मुल्क में अपन चौन और आपसी भाईचारा कायम रखने के लिए दुआ किया गया। आज ही 20 दिनों से चल रहे तरावीह की विशेष नमाज भी खत्म हो गई। इस मौके पर शाही जाम-ए-मस्जिद के इमाम हाफिज व कारी जुलफिकार राही साहब ने कहा कि आज से ईद की चाँद नजर आने तक रोजेदारों के लिए सूरह-ए-तरावीह का एहतमाम (विशेष आयोजन) किया गया है। पुरे रमजान में 5 रातें शब-ए-कद्र की होती है जो 21,23,25,27,व 29 रमजान को होता है। इन रातों में आप खुब इबादत करे और अपने गुनाहों की माफी की दुआ करें अल्लाह माफ करने वाला बड़ा रहीम है।

### आबुधाबी में आठ दिन पहले हुई डुमरांव के युवक की मौत, अब तक नहीं पहुंचा शव, परिजन परेशान

**डुमरांव।** डुमरांव अनुमंडल के कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र अंतर्गत सोंवा गांव के एक कामगर की मौत दुबई के आबुधाबी में हो गई है। मृतक छोटे लाल सोवां गांव निवासी स्व परमानंद राम के पुत्र थे। वे दो साल पहले आबुधाबी में मजदूरी करने गए थे। ग्रामीण सूत्रों की मानें पिछले कुछ दिनों से उनका तबियत खराब चल रहा था और चार अप्रैल को हार्ट अटैक आने से उनकी मौत हो गई है। अगले दिन वहीं रहने वाले गांव के ही दूसरे व्यक्ति ने इसकी सूचना दी। वे किसी कम्पनी में बतौर सुरक्षा गार्ड तैनात थे। इस मनहूस खबर के मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया है। घर में उसकी पत्नी सबिता के साथ पांच संताने (दो बेटी व तीन पुत्र) हैं। बेहतर भविष्य की आश में विदेश गए छोटे लाल की मौत से परिजन गहरे सदमें में है। फिलहाल परिजन उनके शव आने का इंतजार कर रहे हैं। वैसे कंपनी द्वारा अभी तक शव भेजने की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। जिससे परिजनों की चिंता बढ़ते जा रही है। गौरतलब है कि हाल के वर्षों में खाड़ी देशों में कई मजदूरों की जान गई है और उनका शव भी आसानी से नहीं आया है। यही कारण है कि छोटेलाल के अंतिम दर्शन के लिए परिजनों की चिंता बढ़ते जा रही है।



### रेंका व बैजनाथपुर में अगलगी की घटना से 10 बीघा से अधिक की फसल जलकर राख

**डुमरांव/केसठ।** अनुमंडल के सिकरौल थाना क्षेत्र के रेंका व नावानगर थाना क्षेत्र के बैजनाथपुर गांव में बुधवार को शॉर्ट सर्किट से लगी आग में 10 बीघे से अधिक में लगी गेहूं की खड़ी फसल जल गई है। जानकारी के अनुसार रेंका गांव के दक्षिण बाधार में बुधवार की शाम करीब पांच बजे बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट के कारण आगलगी की घटना हो गई। इस घटना में किसाने उपेन्द्र उपाध्याय के 3 बीघे, लाल्टू उपाध्याय, सज्जन भर, भुअर यादव का एक-एक बीघा, ध्रुव उपाध्याय का 10 कट्ठा, सुदर्शन भर का पांच कट्ठा तथा वृंदा यादव के 10 कट्ठे में लगी गेहूं की खड़ी फसल जल गई है। हालांकि ग्रामीणों ने एकजुटता दिखाते हुए आग पर तत्काल काबू पाया। पंचायत के मुखिया रवि उपाध्याय तथा अन्य ग्रामीणों ने इसकी सूचना अंचल प्रशासन को दी है। अंचल प्रशासन द्वारा नुकसान का आंकलन कराया जा रहा है। नावानगर सीओ अजित कुमार सिंह ने कहा है कि आंकलन के बाद पीड़ित किसानों को उचित मुआबजा दिया जाएगा। दूसरी तरफ केसठ प्रखंड के बैजनाथपुर बाधार में नरेन्द्र तिवारी का 10 कट्ठा, सुजीत कुमार सिंह का एक बीघा, शिव नारायण उपाध्याय का 2 बीघा समेत कुल साढ़े तीन बीघा की फसल जलकर राख हुई है। रामपुर मुखिया प्रतिनिधि बसंत पांडेय के सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पाया। मुखिया प्रतिनिधि से सीओ से पीड़ित किसानों को उचित मुआबजा देने की मांग की है। इसके अलावे औद्योगिक थाना क्षेत्र के बेलाउर गांव में भी आगलगी में ढाई बीघे में लगी गेहूं की फसल जलने की सूचना मिली है। पूरे दिन हुई आगलगी की घटनओं से किसानों में मायूशी है।

### शराब के नशे में मिले कार में सवार तीन युवक

**चौसा।** मुफ्स्सिल थाने की पुलिस ने कर्मनाषा चेक पोस्ट से एक स्वीफ्ट डिजायर कार में सवार तीन युवकों को शराब के नशे में पकड़ा है। उनके पास से 375 एमएल के शराब की एक बोतल भी बरामद हुई है। उनकी कार भी क्षतिग्रस्त थी। जिससे आशंका जताई जा रही है कि शराब के नशे में कही दुर्घटना को अंजाम दे भाग रहे थे। गिरफ्तार शराबियों में पटना जिले के बिहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत मोलाहीपुर गांव के राकेश कुमार व सुमंत कुमार तथा पड़री गांव के रौशन कुमार शामिल है। मुफ्स्सिल थानाध्यक्ष निर्मल कुमार ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि तीनों यूपी से शराब का सेवन कर लौट रहे थे। कार की हालत तथा उसमें बैठे युवकों की संदिग्ध हरकत को देखते हुए चेकपोस्ट पर तैनात जवानों द्वारा उन्हें रोकने का प्रयास किया गया तो चालक स्पीड बढ़ा भागने की कोशिश करने लगा था। लेकिन मुश्तैद जवानों ने उन्हें घेरक पकड़ लिया। इस दौरान उनके मुंह से शराब की दुर्गंध आ रही थी। जब मेडिकल जांच करवाया गया तो तीनों के शराब पीने की पुष्टि हुई। जिसके बाद तीनों को जेल भेज दिया गया है।

# बहन की शादी के नाम पर चार लाख रुपया लेकर फरार जालसाज को दो साल में नहीं खोज पाई पुलिस

- अमरेंद्र तिवारी ने 24 जुलाई 2019 को डुमरांव बस स्टैंड के पास रहने वाले असलम अंसारी को दिया था पैसा

**केटी न्यूज/डुमरांव**

सहृदय लोग मानवता वश किसी की मदद कर देते है। लेकिन कभी कभी यह मदद भी उनके लिए गले की फांस बन जाती है। कुछ ऐसा ही नगर के स्टेशन रोड स्थित लालगंज कड़वी निवासी व सामाजिक कार्यकर्ता अमरेन्द्र तिवारी के साथ हुआ है। डुमरांव के एक जालसाज ने बहन की शादी के नाम पर उनसे चार लाख रुपए उधार ले लिया। बजाप्ते स्टांप पेपर पर कागज भी बने। लेकिन दो महीना में पैसा लौटाने का भरोसा दे मदद लेना वाला अब अपने पत्नी तथा बच्चों संग फरार हो गया है। थक हारकर अमरेन्द्र ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कराया है। लेकिन एफआईआर दर्ज होने के बाद पिछले दो साल में डुमरांव पुलिस उसे खोज नहीं सकी है।

बताया जाता है कि अमरेन्द्र तिवारी ने अपने मित्र आशीष वर्मा के कहने पर स्टेशन रोड के बस स्टैंड के पास रहने वाले असलम अंसारी पिता मो इजराईल अंसारी को 24 जुलाई 2019 को बहन की शादी के लिए चार लाख रूपए दिए थे। तब असलम ने दो महीना में ही पैसा लौटाने का आश्वासन दिया था और स्टांप पेपर पर इसकी लिखा पढ़ी भी हुई थी। उस वक्त वह बस स्टैंड के पास ही मुन्ना रेडिमेड नामक कपड़े की दुकान का संचालन करता था। करीब दो साल तक जब वह पैसा नहीं लौटाया और आनाकानी करने लगा तब अमरेन्द्र तिवारी ने उस पर अपने पैसों के लिए दबाव बनया तो वह बैंक ऑफ इंडिया का एक चेक उन्हें दे लौटा दिया। लेकिन जब उन्होंने इस चेक को जमा किया तो पता चला कि उसके खातें पैसा ही नहीं है और चेक बाउंस हो गया। तब अमरेन्द्र ने 9 जून 2021 को चेक बाउंस का केस किया। इसकी जानकारी मिलते ही असलम अपनी पत्नी और बच्चों के साथ फरार हो गया है। इधर अपने पैसों के लिए अमरेन्द्र कई बार पुलिस व कचहरी का चक्कर लगा थक चुके है। जानकारों का कहना है कि अमरेन्द्र के साथ ही वह कई अन्य लोगों का पैसा लेकर भागा है। पुलिस की उदासीनता से उसे पकड़ा नहीं जा सका है। जिससे पीड़ित की चिंता बढ़ते जा रही है।

### तत्काल टिकट के साथ दलाल चढ़ा आरपीएफ के हत्थे

**बक्सर।** बक्सर आरपीएफ की टीम ने गुप्त सूचना पर औद्योगिक थाना क्षेत्र के चुरामपुर में छापेमारी कर एक युवक को रेलवे के तीन तत्काल टिकटों तथा 15 पुराने टिकटों के साथ पकड़ा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए आरपीएफ इंस्पेक्टेर दीपक कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि चुरामपुर के प्रकाश चंद्र सिंह द्वारा अपने पुस्तकालय की आड़ में रेलवे टिकटों की दलाली की जा रही है। इस सूचना पर छापेमारी किया गया तो उसके दुकान से 3 तत्काल यात्रा टिकट एवं 15 पुराना हाल ही का यात्रा किया हुआ टिकट बरामद हुआ। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह रेलवे टिकटों की दलाली करता है। छापेमारी टीम में इंस्पेक्टर दीपक के साथ विजेंद्र मुवाल, उप निरीक्षक दिनेश चौधरी समेत कई अन्य शामिल थे।

# राधास्वामी सत्संग की जमीन पर है भू-माफिया की नजर



**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर के मिश्रवलिया मौजा स्थित बिहार राधास्वामी सत्संग की जमीन पर भू-माफियाओं द्वारा अवैध तरीके से कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। जिसकी निंदा एसोसिएशन ने की है। एसोसिएशन द्वारा बताया गया कि बक्सर के इटाढ़ी रोड स्थित एसोसिएशन के 3 एकड़ 12 डिसमिल जमीन पर पिछले कुछ दिनों से कल्याण राय, विपुल राय व विकास राय द्वारा कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। एसोसिएशन द्वारा इस मामले में मुफ्स्सिल थाने में 26 मार्च 2023 को मामला भी दर्ज कराया गया है। वहीं मंगलवार को सरकारी अमीन द्वारा मापी करा पूरे परिसर की घेराबंदी की गई है। भूमाफियाओं द्वारा पूर्व में राधास्वामी संत्संग संस्थान का गेट उखाड़ दिया गया था। साथ ही एसोसिएशन की जमीन पर खेती करने वाले किसानों से मारपीट भी की जा रही है।

## बक्सर के नवनियुक्त डीएम अंशुल अग्रवाल ने जातीय जनगणना की अद्यतन स्थिति की ली जानकारी

# क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए जनगणना कार्य की मॉनिटरिंग करें सभी अधिकारी: डीएम

**केटी न्यूज/बक्सर**

बुधवार को डीएम अंशुल अग्रवाल की अध्यक्षता में बिहार जाति आधारित गणना की बिंदुवार समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में हुई। इस समीक्षा बैठक में डीएम ने बिंदुवार सभी चार्ज पदाधिकारियो से संबंधित प्रखंड, नगर परिषद एवं नगर पंचायत का अद्यतन प्रतिवेदन प्राप्त किया। इस दौरान डीएम ने प्रपत्रों को भरते समय आयोग द्वारा



दिए गए दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन कराने का निर्देश दिया, साथ ही बताया कि प्रपत्र को न तो मोड़ना है और न ही ओवर राइटिंग होनी चाहिए। प्रपत्र भरते समय काले बॉल पेन का प्रयोग किया जाए। गणना का कार्य 15 अप्रैल 2023 से 15 मई 2023 तक की जाएगी। सभी चार्ज पदाधिकारियों को क्षेत्र में निरंतर भ्रमणशील रहते हुए जनगणना कार्य की मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया गया तथा प्रतिदिन इसकी समीक्षा करते हुए प्रतिवेदन देने को कहा गया। जिला पदाधिकारी ने संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद को विभिन्न विभागों की संचालित योजनाओं की निरंतर समीक्षा करने एवं पांच प्रमुख विकासत्मक कार्य की प्राथमिकता निर्धारित करते हुए प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया है।

**अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति के लिए कागजात में सुधार कराएं लाभार्थी:** जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी जेएस पांडेय ने बुधवार को एक प्रेस बयान जारी कर अल्पसंख्यक कल्याण विभाग बिहार, पटना के निर्देशों के आलोक में बताया है कि केंद्र प्रायोजित प्री-मैट्रिक, पोस्ट-मैट्रिक एवं बेगम हजरत महल छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 के प्राप्त आवेदनों का दोबारा सत्यापन किया जाना है। छात्र-छात्राएं स्वघोषणा पत्र विभाग की वेबसाइट अथवा जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय से प्राप्त कर संबंधित संस्थान से प्रमाणित कराकर संस्थान के माध्यम से या स्वयं इस कार्यालय में अंतिम तिथि 15 अप्रैल 2023 तक निश्चित रूप से जमा करा, देंगे अन्यथा उनके आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

CMYK



भागवत गीता

इंसान अपनी कामनाओं और इच्छाओं में डूबा रहा है और यही उसके सभी दुखों का कारण है।



## खबरें फटाफट

### अधिकारियों के साथ नामांकन स्थल पहुंची डीएम

**गाजीपुर।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शान्ति पूर्णढंग से संपन्न कराए जाने को लेकर जिला मजिस्ट्रेट सह जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखौरी ने नामाकंन स्थल का बुधवार को स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण में नगर पालिका जमानियां में नामांकन स्थल पर पहुंचकर नामांकन कक्ष का निरीक्षण किया एवं नामांकन प्रक्रिया का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कहा कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। कोई भी व्यक्ति नामांकन के समय विरोध उत्पन्न करना है, तो कठोर कार्यवाही की जाएगी। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन किया जाए।

### सैदपुर क्रय केंद्र पर शुरू हुई गेहूं की खरीद

गाजीपुर। खाद्य विभाग के विपणन शाखा द्वारा संचालित सैदपुर केंद्र पर मंगलवार को सीजन सत्र के पहले दिन मुड़ियार निवासी समाजसेवी और किसान विवेक सिंह ने अपने गेहूं की तौल कराई। पहले किसान के रूप में पहुंचने पर किसान विवेक सिंह का केंद्र प्रभारी राजीव सिंह ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। इसके साथ ही गेहूं के क्रय केंद्र का आज शुभारंभ किया गया। केंद्र प्रभारी ने बताया कि किसानों को गेहूं का समर्थन मूल्य 2125 रूपए प्रति कुंतल के हिसाब से मिलेगा। कहा कि गेहूं की खरीद एक अप्रैल से 15 जून तक चलेगी। सभी किसान समय रहते अपने गेहूं की तौल केंद्र पर करा लें। वहीं किसान विवेक सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा किसानों को गेहूं का काफी बेहतर समर्थन मूल्य दिया जा रहा है। किसान अपना गेहूं क्रय केंद्र पर लाकर उचित मूल्य प्राप्त कर सकते हैं। इस मौके पर किसान पंकज यादव, मिथिलेश यादव, वीरेंद्र यादव आदि रहे।

# समुदाय को जागरुक करने में आशा कार्यकताओं का कार्य सराहनीय: डॉ. ओपी

**केटी न्यूज/मऊ**

- मंडलीय अपर निदेशक स्वास्थ्य ने अलीनगर मठिया टोला का किया दौरा
- विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की गतिविधियों का किया निरीक्षण

30 अप्रैल तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की धरातलीय हकीकत जानने के लिए मंडलीय अपर निदेशक (स्वास्थ्य) डॉ. ओपी तिवारी ने बुधवार को नगर क्षेत्र के मठिया टोला मोहल्ले तथा कोपागंज ब्लॉक के अलीनगर गांव का दौरा किया। मंडलीय अपर निदेशक ने अभियान के नोडल अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, चिकित्साधिकारी सहित एलटी, फार्मासिस्ट, नगरपालिका के कर्मचारी और आशा कार्यकर्ता के साथ घर-घर जाकर लोगों से उनकी समस्याओं को जाना। क्षेत्रवासियों से साफ-सफाई व्यवस्था के साथ दवा जांच आदि की सुलभता पर चर्चा की। साथ ही संचारी रोगों से बचाव के साथ 17 अप्रैल से शुरू होने वाले दस्तक अभियान के बारे में भी जानकारी ली।

मंडलीय अपर निदेशक डॉ. ओपी तिवारी ने बताया कि नगर के मठिया टोला और कोपागंज ब्लॉक के अलीनगर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने साफ-सफाई तथा लोगों को मिलने वाली चिकित्सकीय सुविधाओं की जानकारी ली। लोगों को गर्मी में होने वाले रोगों के बारे में अवगत कराया। इसके साथ ही आगामी दस्तक अभियान को लेकर मच्छर जनित रोग जैसे डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, फाइलेरिया आदि के साथ क्षय रोग एवं लू से बचने के लिए जरूरी जानकारी दी। भ्रमण के दौरान साथ रही आशा कार्यकर्ता सरस्वती गुप्ता की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने जागरूकता की दिशा में अच्छा कार्य किया है। आगे भी इसी तरह के कार्य के लिए प्रोत्साहित किया।



**गुणात्मक रूप से एक शरीर से दूसरे शरीर में फैलता है :** अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी व नोडल अधिकारी डॉ आरएन सिंह ने बताया कि अधिकतर संचारी रोग मच्छरों से फैलने वाले रोग हैं, जो किसी न किसी रोग जनित कारकों (रोगाणुओं) और वायरस के कारण होता है। यह गुणात्मक रूप से एक शरीर से दूसरे शरीर में फैलता है। मलेरिया, फाइलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, दिमागी बुखार, एईएस, जेई, कालाजार आदि संचारी रोग के उदाहरण हैं। इसके अलावा क्षय रोग, कोविड-19 भी संक्रमक रोग की श्रेणी में आते हैं। जिला मलेरिया अधिकारी बेदी यादव ने बताया कि जागरुकता व साफ-सफाई के माध्यम से ही संचारी रोगों से बचा जा सकता है। इसके लिए निरंतर अभियान चलाकर समुदाय को पहले से ही जागरूक किया जा रहा है।

**बीमारियों से बचाव के लिए लगाए जा रहे टीके :** जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ बीके यादव ने बताया कि जन्म से दो वर्ष तक की आयु तक टीकाकरण जेई बीमारी से लड़ने की क्षमता बढ़ाती है। नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के तहत बच्चों को विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीके लगाए जा रहे हैं। नियमित टीकाकरण के साथ-साथ बच्चों को पौष्टिक भोजन उनकी रोग प्रतिरोधक (इमुयनिटी पावर) क्षमता को बढ़ाता है, जिससे बच्चों संगीर्ण विकास होता है। उन्होंने परिजनों से अपील की है कि जन्म से लेकर पाँच साल तक के बच्चों को समय पर सभी टीके जरूर लगवाएँ। सभी टीके पूर्ण रूप से सुरक्षित हैं।

### टीडी कॉलेज में एक साल पहले छात्र संघ चुनाव के दौरान हुई थी मारपीट, दर्ज हुआ था मुकदमा

# खुलासा : पुरानी अदावत में हेमंत यादव की हुई थी हत्या, मामले में सात गिरफ्तार

**केटी न्यूज/बलिया**

शहर कोतवाली क्षेत्र के सतीशचंद्र कॉलेज के पास छात्र नेता की हत्या के मामले में पुलिस ने सात लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्तों का नाम रीतेश चौरसिया, रोहित चौरसिया, संदीप सिंह, राजदीप सिंह, वाईएन तिवारी, शिवाजी पांडेय, कृष्णा तिवारी है। मामले में नामजद दो अभियुक्त अभी भी फरार चल रहा है। पकड़ी थाना क्षेत्र के धरसरा गांव निवासी मनराज यादव जो कि भारतीय सेना में कार्यरत हैं। उनके दूसरे नम्बर का पुत्र हेमंत यादव 22 वर्ष टाऊन डिग्री कॉलेज में स्नातक तृतीय वर्ष का छात्र रहा। जनपद मुख्यालय के देवकली के अपने निजी आवास में रहकर पढ़ाई कर रहा था। साथ छात्र संघ के लिए होने वाले चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए तैयारी भी कर रहा था।

परिजनों की मानें तो सोमवार को ही अपने घर धरसरा से बलिया गया हुआ था। मंगलवार की सुबह की पाली में वह सतीशचन्द्र महाविद्यालय में परीक्षा देने के लिए गया था। सूत्रों की मानें तो ज्यों ही वह परीक्षा देकर



- एक साल से दो गुटों के बीच चल रहा था विवाद, अकेला देख किया था हमला
- आरोपितों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त बैट भी बरामद

वह परीक्षा केंद्र से बाहर निकला तो पहले से ही घात लगाए युवकों ने क्रिकेट बैट एवं हॉकी डंडों से उसपर हमला कर दिया। इस दौरान बीचबचाव करने गए जीराबस्ती निवासी आलोक यादव को भी बदमाशों ने मारपीट दिया। दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाने के बाद दोनों की हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। आनन-फानन में हेमंत यादव के परिजन उसे मऊ के किसी निजी अस्पताल में ले गए, जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। मामले में नौ नामजर व सात अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के साथ ही पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जिसमें शिप्रांत सिंह गौतम, राजदीप सिंह, शुभम सिंह, संदीप सिंह, मनीष सिंह, रोहित चौरसिया, रीतेश चौरसिया, आशीष सिंह, वाईएन तिवारी के साथ ही सात अज्ञात आरोपी है।

**एक को छोड़ सारे अभियुक्त है छात्र :** एसपी राजकरण नैय्यर ने बताया कि पकड़े अभियुक्तों में सभी कालेज स्टूडेंट है। सिर्फ एक अभियुक्त ऐसा है जो पिछले साले पढ़ाई पूरी की है। जो अभी तक पकड़ा नहीं गया। नौ नामजदों में पांच और सात अज्ञात में दो कुल सात आरोपी को पुलिस गिरफ्तार किया है। बाकी आरोपी भी जल्द ही पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

## आरोपियों ने खुन्नस निकालने के लिए कर डाली हेमंत की हत्या



हेमंत यादव की हत्या पुरानी खुन्नस है। एसपी के सामने आरोपियों द्वारा कबूले गए बयान के मुताबिक एक साल पहले टीडी कालेज में छात्र संघ चुनाव के दौरान दो गुटों में मारपीट हो गई थी। उस समय दोनों पक्ष के कुछ युवक मारपीट में घायल हुए थे। पुलिस द्वारा मृतक हेमंत यादव के भाई के खिलाफ कार्रवाई भी की गई थी। उसी समय से विपक्षी गुट खुन्नस पाले थे तथा मौके की ताक में थे। इसबीच मंगलवार को हमलावरों को पहले ही मालूम हो गया था कि वे परीक्षा देने सतीशंचद्र कालेज जाएगा, लिहाजा हमलावर हॉकी, डंडा व बैट लेकर पहले से ही रेडी था। जैसे ही हेमंत परीक्षा देकर बाहर निकले हमलावरों ने एकाएक हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद दौरान इलाज उसकी मौत हो गई। एसपी राजकरन नैय्यर ने बताया कि पकडे गए सातों आरोपियों में पांच नामजद है तथा दो आरोपी जो अज्ञात थे उसमें से है। आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त बैट को कब्जे में ले लिया गया है।

## एक नजर

### अगलगी में 100 बीघा में खड़ी गेंहू की फसल जली

**बलिया।** जिले के बैरिया तहसील क्षेत्र अन्तर्गत नदी सरजू के तटवर्ती दियरांचल स्थित शिवाल मठिया गांव के दियारे में बुधवार को अचानक लगी आग में लगभग 100 बीघा में खड़ी गेंहू की फसल जलकर राख हो गयी।इसके अलावा सैकड़ो बीघा खेतों की पराली व लाखों रुपये मूल्य के भूंसा बनाने वाली मशीन जलकर खाक हो गयी। ग्रामीणों के बार-बार सूचना के बाद भी जब अग्निशमन दस्ता मौके पर नहीं पहुंचा तो लोगों ने उपजिलाधिकारी बैरिया व एसएचओ बैरिया को इसकी सूचना दी। उसके बाद आगलगी की घटना के लगभग डेढ़ घण्टे बाद मौके पर अग्निशमन विभाग की गाड़ी पहुंची, तब तक सबकुछ जलकर खाक हो चुका था।अगल-बगल के पम्पसेट चलाकर तथा ट्रैक्टर से जुताई करके किसान आग पर नियंत्रण कर चुके थे। पहले भूसा बनाने वाली मशीन में आग लग गयी वह आग सुदर्शन साह के गेंहू के फसल को चपेट में ले लिया।इसके बाद झुना सिंह, ललन यादव, सुभाष यादव, राजेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र सिंह, ओमप्रकाश सिंह, बरमेश्वर सिंह, कृष्णा सिंह, ललन वर्मा, शिवकुमार पासवान सहित दर्जनों किसानों का लगभग 100 बीघा में खड़ी गेहूं की फसल जल कर राख हो गयी।वहीं बगल के खेत मे भूसा बना रही मशीन भी जल गई। इस घटना में लाखों की क्षति बताई जाती है।एसडीएम के निर्देश पर क्षेत्रित लेखपाल मनोज यादव नुकसान का जायजा लेने के लिए मौके पर पहुंचे।



### अपर न्यायाधीश ने किया वृद्धाश्रम का निरीक्षण

**बलिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया के अपर जनपद न्यायाधीश सह सचिव नरेन्द्र पाल राणा ने बुधवार को गड़वार स्थित वृद्धाश्रम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नरेन्द्र पाल राणा ने आवासीत वृद्धजनों से उनके रहन-सहन व खान-पान के बारे में जानकारी ली। वृद्धाश्रम में निवासित सभी वृद्धजनों से बातचीत कर उनकी छोटी-छोटी समस्याओं पर ध्यान देते हुए उन्हें सुना तथा समस्याओं का तुरन्त निराकरण करने हेतु अधीक्षक को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि जिला चिकित्साधिकारी बलिया को पत्र प्रेषित कर, वृद्धाश्रम में आवासित वृद्धजनों के चिकित्सीय परीक्षण हेतु कैम्प आयाजित करें। साथ-ही वृद्धाश्रम में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया के अपर जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें वृद्धजनों को विधिक रूप से जागरूक किया गया। सचिव द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना एक कल्याणकारी योजना है इसका लाभ उठायें। इस योजना के तहत कोविड-19 में अनाथ हुये बच्चों की शिक्षा, आवास, शादी व रोजगार प्रशिक्षण की व्यवस्था है। इस दौरान अधीक्षक घनश्याम सिंह, श्री नन्दजी गुप्ता लेखाकार, समस्त कर्मचारीगण एवं वृद्धजन उपस्थित रहे।



### डीएम ने लिया चुनावी तैयारियों का जायजा

**मऊ।** जिलाधिकारी अरुण कुमार ने तहसील मोहम्मदाबाद गोहना एवं सदर के अंतर्गत आने वाली न्याय पंचायतों के मतगणना एवं पार्टी रवानगी स्थलों तथा नामांकन कक्षों का निरीक्षण किया। साथ ही, नगर पालिका परिषद हेतु निर्धारित मतगणना स्थल एवं नामांकन कक्षों का भी निरीक्षण किया। तहसील मोहम्मदाबाद गोहाना के अंतर्गत चिरैयाकोट,वलीदपुर एवं मोहम्मदाबाद गोहना की नगर पंचायतें शामिल है। इन नगर पंचायतों के चुनाव हेतु टाउन इंटर कॉलेज, मोहम्मदाबाद गोहना से पार्टी रवानगी एवं मतगणना कार्य संपन्न किया जाना है। टाउन इंटर कॉलेज में 3 बूथ भी बनाए गए हैं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी मोहम्मदाबाद गोहना को टाउन इंटर कॉलेज के परिसर में साफ-सफाई, कमरों के अंदर पर्याप्त मात्रा में प्रकाश की व्यवस्था तथा वाहनों हेतु पार्किंग की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने वहां पर मतगणना हेतु अलग-अलग नगर पंचायतों हेतु निर्धारित स्थलों का भी निरीक्षण किया। मतगणना हेतु निर्धारित स्थलों से सटे कमरों को स्ट्रांग रूम बनाने के भी निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। इस दौरान उन्होंने उपजिलाधिकारी को सभी स्ट्रांग रूमो को सुरक्षित स्वरूप प्रदान करने हेतु समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा जिलाधिकारी ने तहसील परिसर का निरीक्षण किया, जहां पर पूरे नामांकन की कार्यवाही संपन्न की जानी है। यहां पर नामांकन हेतु तीन अध्यक्ष तथा तीन सदस्य पद हेतु कक्ष निर्धारित किए गए हैं। नामांकन कक्षों के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कक्षों में उचित दूरी पर बैरिकेटिंग, पर्याप्त मात्रा में प्रकाश व्यवस्था आदि के निर्देश दिए। तहसील सदर के अंतर्गत भी तीन नगर पंचायतें क्रमशः अदरी, कोपागंज एवं कुथीर्जाफर पुर हैं। इन नगर पंचायतों सहित नगर पालिका परिषद के चुनाव हेतु निर्धारित पार्टी रवानगी एवं मतगणना स्थल डीसीएसके पीजी कॉलेज का भी निरीक्षण जिलाधिकारी द्वारा किया गया। इसके अलावा तहसील सदर मुख्यालय स्थित विभिन्न नामांकन कक्षों का जिलाधिकारी ने निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने समस्त संबंधित अधिकारियों को चुनाव से संबंधित सारी तैयारियां समय से पूर्ण कर लेने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निदेर्शों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करते हुए सारी कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए।



# एनएच-31 का चौड़ीकरण प्रारंभ, शहर के लोगों को जाम से मिलेगी मुक्तिः सांसद

**केटी न्यूज/बलिया**

सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने कहा कि माल्देहपुर से कदम चौराहा तक दोनों तरफ नाला व डिवाइडर के साथ चौड़ीकरण का कार्य शुरू कर दिया गया है। ऐसे में नगरवासियों को जल्द ही चकाचक फोरलेन की सड़क मिलेगी। राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय ने सांसद की पहल पर माल्देपुर से कदम चौराहा तक 4.455 किमी की दूरी में एनएच 31 को फोरलेन बनाने और दोनों तरफ आरसीसी ढक्कन युक्त नाला बनाने के लिए 48.95 करोड़ की स्वीकृति पहले ही दी थी। लेकिन अब कार्य शुरू कर दिया गया है। इस मार्ग के बन जाने से अब यातायात और सुगम हो जाएगा। जिले में करीब 90 किमी लंबी एनएच 31 सड़क है। इसके चौड़ीकरण को लेकर समय-समय पर आवाज उठी लेकिन मामला जस का तस ही रह गया।

अब नगर से गुजर रहे एनएच 31 का चौड़ीकरण होना तय हो गया है। बताया जाता है कि इसके लिए सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त की ओर से भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से आग्रह किया गया था। जिसके बाद राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय ने माल्देपुर से कदम चौराहा तक कुल 4.455 किमी दूरी में एनएच 31 को फोरलेन करने के लिए कुल 48.95 करोड़ रुपये स्वीकृत किया गया था। सांसद मस्त ने बताया कि इस फोरलेन सड़क के बीच में डिवाइडर बनाया जाएगा। सड़क की दोनों तरफ आरसीसी नाला भी बनेगा, जो आरसीसी ढक्कन से ढंका रहेगा। सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने बताया कि एनएच 31 पर माल्देपुर से लेकर कदम चौराहा तक हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। टू लेन सड़क होने के कारण आए दिन जाम लगता है। अब फोरलेन सड़क बन जाने के बाद समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी।



# जौहरगंज के पास गंगा नदी में उतराई मिली सिपाही की लाश, मचा कोहराम

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

- चाचा की डांट से नाराज हो सिपाही दो दिन पहले घर निकला था
- महमूदपुर गांव में अश्वनी यादव की मौत से मातम

जनपद के सैदपुर थाने के जौहरगंज गांव के समीप गंगा नदी में एक युवक की लाश उतराई मिली। उसकी शिनाख्त यूपी पुलिस के एक सिपाही के रूप में की गई, जो दो दिन पहले अपने चाचा की डांट से नाराज होकर घर से निकल गया था। इसके बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।

वहीं, मौत की सूचना मिलने के बाद घर में मातम छा गया है। बता दें कि बुधवार की सुबह गंगा नदी में शव देखकर लोगों ने इसकी सूचना समाजसेवी अभिषेक साहा को दी। आनन- फानन में शव मिलने की सूचना पुलिस को दी गई। नदी से शव बाहर निकाले जाने के बाद उसकी शिनाख्त महमूदपुर- औड़िहार निवासी अश्वनी यादव (27) पुत्र शिवनारायण यादव के रूप में हुई। इसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक यूपी पुलिस का सिपाही था और 2019 बैच में पुलिस सेवा में भर्ती हुआ था। वर्तमान में वह पीएसी में तैनात था। उसकी शादी भी कुछ दिनों में होने वाली थी। इस बीच छुट्टी लेकर वह एक माह पूर्व घर आया था। दो दिन पूर्व उसके चाचा ने उसे किसी बात को लेकर काफी डांट दिया था। इससे वह गुस्से में घर से निकल गया। दो दिन तक वापस न आने पर उसके परिजन थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचे, उसी समय जौहरगंज में एक लाश उतराई मिली थी। इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना दी और समाजसेवी अभिषेक ने पुलिस को बताया। इसके बाद कोतवाल वंदना सिंह परिजनों को लेकर घाट पर पहुंचीं, जहां उसकी शिनाख्त अश्वनी के रूप में हुई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक दो भाइयों में छोटा था। अब अश्वनी की मौत के बाद पूरे घर में मातम पसरा हुआ है। गांव एवं इलाका शोक में डूब गया है।

### एडीजी ने की अतिसंवेदनशील बूथों पर चर्चा, कहा माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई जारी रखें

# पूरे प्रदेश में 1500 करोड़ की संपत्ति के खिलाफ की गई कुर्की: एडीजी

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

पुलिस लाइन में नगर निकाय चुनाव व आगामी त्योहार के मद्देनजर वाराणसी जोन के एडीजी रामकुमार ने एक आवश्यक बैठक की। पुलिस कप्तान सहित अन्य अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान गाजीपुर के एसपी ओमवीर सिंह के साथ सभी पुलिस अधिकारियों समेत सभी थानाध्यक्षों के साथ बैठक की। इस दौरान नगर निकाय चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने का निर्देश दिया साथ ही जिले के अतिसंवेदनशील बूथों को लेकर चर्चा की। साथ ही आगामी त्योहारों के मद्देनजर शांति सौहार्द और सुरक्षित



व्यवहार मनाने को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अलावा उन्होंने बताया कि वाराणसी मंडल के अपराधियों और माफियाओं के खिलाफ मंडल में ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में इनके खिलाफ तकरीबन 1500 करोड़ की संपत्ति के खिलाफ ध्वस्तीकरण व कुर्क की कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि चिन्हित माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

**एडीजी ने सभागार कक्ष व शस्त्रागार का जीर्णोद्धार के बाद किया उद्घाटन :** अपर पुलिस महानिदेशक जोन वाराणसी द्वारा पुलिस लाइन में नए सभागार कक्ष व शस्त्रागार का जीर्णोद्धार के बाद उद्घाटन किया गया। यह पुलिस अधीक्षक गाजीपुर की गरिमामय उपस्थिति में फीता काटकर किया गया। इसके बाद एडीजी ने नगर निकाय चुनाव के दृष्टिगत नगर निकाय चुनाव से प्रभावित थानों के थानाध्यक्ष एवं सभी सर्किलों के क्षेत्राधिकारियों और अपर पुलिस अधीक्षक नगर/ग्रामीण के साथ मीटिंग की गई। चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से कराने के दृष्टिगत की गई तैयारियों के संबंध में जानकारी ली गई?। सभी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। एडीजी वाराणसी ने सख्त हिदायत दी है कि चुनाव को प्रभावित करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए और चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष संपन्न कराया जाए। इसके साथ ही अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। जनपद के विभिन्न टॉप 10, गुंडा तथा अन्य अपराधों को करने वाले अपराधियों के बारे में विस्तृत समीक्षा की गई तथा कठोर कार्रवाई करने के लिए सभी को निर्देशित किया गया।